# Weekly One Liners 23rd to 29th of March 2020

## ALL INDIA Lockdown, देश में लागू हुआ 21 दिनों तक देशव्यापी लॉकडाउन

आज शाम 8 बजे भारत **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने देश को **कोरोना वायरस** के सम्बन्ध में संबोधित किया. जिसमें देश व्यापी लॉकडाउन की बात कही गई हैं. आज रात **12 बजे** से **21 दिन** तक अर्थात **14 अप्रैल** तक के लिए National Lockdown की घोषणा की है. हम समझते हैं कि यह मुश्किल घड़ी है पर आपको धैर्य रखना चाहिए. PM मोदी ने अपनी स्पीच का अंत इस वाक्य से किया **"जान है तो जहान हैं"**

**मोदी ने अपने भाषण में और क्या कहा जानते हैं -**

- इस lockdown को कर्फ्यू ही समझिये.
- जनता कर्फ्यू से भी दो कदम आगे की बात हैं.
- किसी भी तरह का खिलवाड़ न करे, आपके जीवन को और खतरे में डाल सकता है.
- मुझे विश्वास है हर भारतीय संकट की इस घड़ी में सरकार के और स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करेगा.
- यह धैर्य और संयम का समय है.
- सोशल Social Distancing सिर्फ बीमार लोगों के लिए नहीं है, यह मेरे लिए, यहाँ तक की प्रधान मंत्री के लिए भी हैं.
- WHO की रिपोर्ट के अनुसार यह आग की तरह फैलता है, एक आदमी से सिर्फ 9-10 में सैकड़ों लोग सक्रमित हो सकते हैं.
- कोरोना से निर्णायक लड़ाई की जरुरत है.
- कोरोना के लिए 15 हजार का फंड जारी किया गया.
- कोरोना का मतलब कोई रोड पर न निकाले.
- जान है तो जहान हैं.
- जरुरी सेवाओं पर असर नहीं होगा.

## देश में लागू हुआ 21 दिनों का लॉकडाउन: जाने कौन-सी आवश्यक सेवाए रहेंगी चालू और किन पर होगी पाबंदी


प्रधान मंत्री **नरेंद्र मोदी** ने राष्ट्र के नाम दिए संबोधन में पूरे देश में **25 मार्च 2020** से अगले **21 दिनों** तक लॉकडाउन की घोषणा की है। भारत सरकार द्वारा लॉकडाउन का फैसला तेजी से फैल रहे **COVID-19 महामारी** की रोकथाम के लिए निवारक उपाय के तौर पर लिया गया है। लॉकडाउन के दौरान, देश के नागरिकों को जीवन बिताने के लिए कुछ आवश्यक वस्तुओं के साथ-साथ सेवाओं की आवश्यकता होगी।

**ADDa247 यहाँ इन 21 दिन के लॉकडाउन के दौरान मुहैया कराई जाने वाली "इन आवश्यक सेवाओं और वस्तुओं" की पूरी सूची साझा कर रहा है:-**

- भोजन, राशन, फल, सब्जियां, डेयरी और दूध बूथ, मांस और मछली, पशु चारा सहित इन्हें लाने-जाने वाहनों की आवाजाही लॉकडाउन अवधि के दौरान उपलब्ध रहेंगे.
- रक्षा से जुड़े विभाग, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, पुलिस, नागरिक सुरक्षा, दमकल केंद्र और आपातकालीन सेवाएं, होमगार्ड, जेल, कोषागार, जिला प्रशासन, सार्वजनिक उपयोगिताओं (जैसे पेट्रोलियम, सीएनजी, एलपीजी, पीएनजी) लॉकडाउन अवधि के दौरान चालू रहेंगे।
- आपदा प्रबंधन, बिजली उत्पादन और प्रसारण इकाइयाँ, जल, स्वच्छता, डाकघर, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के साथ-साथ अर्ली वार्निंग एजेंसियां कार्यशील रहेंगी.
- अस्पताल एवं सभी संबंधित चिकित्सा प्रतिष्ठान अपनी विनिर्माण और वितरण इकाइयों के साथ 21 दिन की अवधि में चालू रहेंगे।
- बैंक, बीमा कार्यालय, एटीएम, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, कोल्ड स्टोरेज और वेयरहाउसिंग सेवाएं, निजी सुरक्षा सेवाएँ लॉकिंग अवधि के दौरान उपलब्ध रहेंगी।
- ई-कॉमर्स के जरिए से खाद्य, फार्मास्यूटिकल्स, चिकित्सा उपकरण सहित आवश्यक सामानों की डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध रहेगी।
- दूरसंचार, इंटरनेट, प्रसारण और केबल सेवाएं, आईटी और आईटी सक्षम सेवाएं घर से काम करने के जरिए जारी रहेंगी।
- आवश्यक वस्तुओं की विनिर्माण इकाइयां खुली रहेंगी.
- पूरे देश में दमकल विभाग, कानून और व्यवस्था और आपातकालीन सेवाएं जारी रहेंगी.
- लॉकडाउन के कारण फंसे पर्यटकों के लिए होटल, लॉज और मोटल, खुले रहेंगे.
- क्वारंटाइन सुविधाओं के लिए स्थापित किए गए प्रतिष्ठान चालू रहेंगे.
- शवयात्रा या जनाज़ा के मामले में 20 से अधिक व्यक्तियों के एकत्रीकरण की अनुमति नहीं होगी.

**यहाँ उन सेवाओं की पूरी सूची दी गई है, जो 21 दिन के लॉकडाउन के दौरान उपलब्ध नहीं होंगी:**

- भारत सरकार / राज्य / संघ राज्य क्षेत्र के कार्यालय, इसके स्वायत्त /अधीनस्थ कार्यालय और जनसंपर्क कार्यलय इस अवधि के दौरान बंद रहेंगे.
- सभी वाणिज्यिक और निजी प्रतिष्ठान बंद रहेंगे.
- सभी औद्योगिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे.
- सभी परिवहन सेवाएं जैसे हवाई, रेल और सड़क यातायात निलंबित रहेंगी.
- सभी शैक्षणिक, प्रशिक्षण, अनुसंधान, कोचिंग संस्थान पूजा स्थल आदि बंद रहेंगे.
- सभी सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षणिक, खेल, मनोरंजन, सांस्कृतिक, धार्मिक आयोजन प्रतिबंधित रहेंगे.

**कार्यकारी मजिस्ट्रेटों** को संबंधित स्थानीय न्यायालयों में इन सभी रोकथाम उपायों को लागू करने के लिए **कमांडरों** के रूप में तैनात किया जाएगा। उपरोक्त रोकथाम के उपायों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ **आईपीसी की धारा 188** एवं **आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 51-60 के प्रावधानों** के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## वित्त मंत्री सीतारमण ने लॉकडाउन के दौरान मेगा आर्थिक राहत पैकेज का किया ऐलान

वित्त मंत्री **निर्मला सीतारमण** ने **COVID-19** के प्रकोप के कारण लागू हुए लॉकडाउन से प्रभावित होने वाले प्रवासी श्रमिकों और गरीब लोगों के लिए **1.7 लाख करोड़ रुपये** के विशाल राहत पैकेज की घोषणा की है। इस योजना को **प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना** नाम दिया गया है। ये खाद्य सुरक्षा योजना आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को दुनिया भर में प्रकोप बन चुके कोरोनॉयरस के कारण लागू हुए लॉकडाउन और नौकरी के नुकसान की अतिरिक्त चुनौती को पाटने में मदद करेगी।

**मीडिया को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री द्वारा की गई कुछ महत्वपूर्ण घोषणा हैं:-**

- **पीएम गैरीब कल्याण योजना में कुल 1.7 लाख करोड़ रुपये** खर्च किए जाएंगे, जिसमें नकद हस्तांतरण और खाद्य सुरक्षा दोनों शामिल है। इस योजना 80 करोड़ लोगों को लाभ मिलने की संभावना है।
- कोरोना से निपटने में लगे विभिन्न वर्ग के लोगों के लिए तीन महीने के लिए 50 लाख रूपये का बीमा भी कराया जाएगा। इनमें **चिकित्सक, पैरा मेडीकर्मी, स्वास्थ्यकर्मी, सफाई कर्मचारी और आशा कार्यकर्ता** शामिल है।
- इस योजना के अंतर्गत 80 करोड़ लोगों को अगले तीन महीने तक पांच किलो चावल या गेंहू मुफ्त उपलब्ध कराया जाएगा, इसमें अभी समय दिए जा रहे 5 किलो राशन के अलावा होगा। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक परिवार को एक किलो दाल भी मुफ्त दी जाएगी।
- **प्रधानमंत्री किसान योजना** के तहत **8 करोड़ 69 लाख किसानों** और अन्य लोगों को की पहली किस्त अप्रैल के पहले सप्ताह तक उनके खाते में 2 हजार रूपये जमा कर दिए जाएंगे।
- मनरेगा **मजदूरों की मजदूरी 182 रुपये से बढाकर 202 प्रति दिन** गई है। इससे **5 करोड़ परिवारों** को लाभ होगा और इसके परिणामस्वरूप प्रति **श्रमिक को अतिरिक्त 2,000** दिए जाएंगे। इस अवधि के दौरान मनरेगा के कार्यकलापों में सामाजिक दूरियों (Social distancing) के मानदंडों का पालन किया जाना चाहिए।
- **वरिष्ठ नागरिकों, विधवाओं और दिव्यांगजनों** को अगले तीन महीनों के दौरान **एक - एक हजार रूपये** की दो किस्तों में विशेष अनुदान दिया जाएगा। इससे करीब **तीन करोड़** गरीब वरिष्ठ नागरिकों, विधवाओं और दिव्यांगजनों को लाभ मिलेगा।
- **महिला जन धन** खाता धारकों को घर खर्च के लिए अगले 3 महीनों तक उनके खातों में 500 रुपये दिए जाएंगे। इससे **20 करोड़ महिलाओं** को फायदा मिलने की उम्मीद है।
- **महिला उज्जवला योजना** की लाभार्थियों को अगले 3 महीनों तक मुफ्त सिलेंडर दिया जाएगा। इससे **8.3 करोड़ बीपीएल** परिवारों को फायदा मिलेगा।
- **दीन दयाल राष्ट्रीय आजीविका मिशन** के तहत **महिला स्वयं सहायता समूहों को 10 लाख रुपये से 20 लाख रुपये तक का ऋण** दिया जाएगा। इससे **63 लाख एसएचजी के माध्यम से 7 करोड़** महिलओं को लाभ मिलेगा।
- सरकार अगले तीन महीनों तक नियोक्ता और कर्मचारी दोनों के **24% ईपीएफ** का भुगतान करेगी। यह योजना 1**5,000 रुपये से कम वेतन** वाले कर्मचारियों और जिस कंपनी में **100 से कम कर्मचारी** हैं।
- संगठित क्षेत्र के लिए, ईपीएफओ विनियमन में संशोधन किया जाएगा, ताकि श्रमिक अपने अग्रिम गैर-वापसी आकस्मिक खर्च या तीन महीने का अग्रिम वेतन, जो भी कम हो, का 75% तक ले सकें। इससे 4.8 करोड़ कर्मचारियों को फायदा होगा।
- राज्य सरकार को भवन और निर्माण करने वाले **मजदूरों के लिए कल्याण निधि** में मौजूद लगभग **31,000 करोड़ रुपये** का उपयोग करने का निर्देश दिया गया है, जिससे उन लोगों की मदद की जा सके जो लॉकडाउन के कारण आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा हैं।
- जिला खनिज निधि के तहत उपलब्ध इस फंड का इस्तेमाल परीक्षण गतिविधियों, चिकित्सा जांच के लिए किया जाएगा, जिससे कोरोनोवायरस महामारी से लड़ने के लिए आवश्यक स्वास्थ्य पर ध्यान दिया जा सके।
- भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) लॉबी ग्रुप ने सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 1% या 2 लाख करोड़ रुपये का प्रोत्साहन के मांग की थी, सभी ऋणों पर तीन महीने की मोहलत मांगी है और कहा है कि इस अवधि के लिए सभी भुगतान दायित्वों को निलंबित कर दिया जाना चाहिए।

## भारतीय रिजर्व बैंक ने 7 वीं द्वि-मासिक मौद्रिक नीति वक्तव्य किया जारी: LAF और MSF के आधार अंकों में की गई कटौती

**भारतीय रिजर्व बैंक** की **मौद्रिक नीति समिति (MPC)** ने **COVID-19 महामारी** के मद्देनजर 31 मार्च 2020 को होने वाली **द्वि-मासिक मौद्रिक नीति बैठक** को पहले ही करने का निर्णय लिया है और जिससे संबंधित घोषणाए 03 अप्रैल को की जाएंगी। यह बैठके 24, 26 और 27 मार्च, 2020 तक चलेगी। सातवीं द्वि-मासिक मौद्रिक नीति की बैठक के दौरान, एमपीसी ने वर्तमान में विकास को पुनर्जीवित करने के साथ-साथ COVID-19 के प्रभाव को कम करने और विकसित व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थितियों का विश्लेषण किया और इनसे उभरने का रुख अपनाने का फैसला किया और जिसकी की वजह से नीतिगत रेपो दर को घटा दिया गया है। इन निर्णयों से, एमपीसी का लक्ष्य मुद्रास्फीति को लक्ष्य को बनाए रखना और साथ ही वित्तीय स्थिरता को बनाए रखना है।

**सातवीं द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति की बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय हैं:-**

- चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के तहत **रेपो दर** में 75 आधार अंकों को कटौती कर **5.15% से 4.40%** कर दिया गया है।
- LAF के तहत रिवर्स रेपो दर में 90 आधार अंकों को घटाकर **4.90% से 4.00%** कर दिया गया है।
- **सीमांत स्थायी सुविधा (MSF) दर और बैंक दर** को भी **5.40% से घटाकर 4.65%** कर दिया गया है।

इसके अलावा, RBI ने सभी बैंकों के आरक्षित नकदी निधि अनुपात (**Cash reserve Ratio**) की निवल मांग (Net Demand) और मीयादी देयताएं (Time Liabilities) में **100 आधार अंकों को घटाकर 4% से 3%** करने का फैसला भी किया है। जो एक वर्ष की अवधि के लिए **28 मार्च 2020** से **प्रभावी** होगा। इसके अलावा, सभी ऋणदाताओ को 1 मार्च, 2020 तक बकाया सभी ऋणों के लिए 3 महीने की मोहलत की अनुमति दी गई है।

**क्या होती है मौद्रिक नीति?**

मौद्रिक नीति रिज़र्व बैंक की नीति है जो अधिनियम में वर्णित लक्ष्यों को हासिल करने के लिए रेपो दर, रिवर्स रेपो दर, लिक्विडिटी समायोजन सुविधा जैसे और कई अन्य मौद्रिक साधनों का उपयोग करती है। भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) को भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 के तहत अनिवार्य रूप से मौद्रिक नीति के संचालन की जिम्मेदारी सौपीं गई है।

**मौद्रिक नीति के उद्देश्य?**

देश में मौद्रिक नीति का मुख्य लक्ष्य विकास के साथ-साथ मूल्य स्थिरता को बनाए रखना है। सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मूल्य स्थिरता को एक आवश्यक पूर्व शर्त के रूप में देखा जाता है।

भारतीय रिज़र्व बैंक को मई 2016 में किए भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) अधिनियम, 1934 संशोधन के अनुसार भारत सरकार के साथ-साथ लचीली मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण का कार्य भी दिया गया हैं। यह प्रत्येक पाँच में एक बार किया जाता है। भारत सरकार ने आधिकारिक राजपत्र में 5 अगस्त, 2016 से 31 मार्च, 2021 की अवधि के लिए लक्ष्य के रूप में 4 प्रतिशत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति को अधिसूचित किया है। लक्ष्य को ऊपरी सहन सीमा 6 प्रतिशत और निचली सहन सीमा 2 प्रतिशत तय की गई है।

**मौद्रिक नीति फ्रेमवर्क:**

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) अधिनियम, 1934 में संशोधित भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम स्पष्ट रूप से रिज़र्व बैंक के लिए देश के मौद्रिक नीति ढांचे को परिचालित करने के लिए विधायी अधिदेश का प्रावधान करता है। इस ढांचे का लक्ष्य वर्तमान और उभरती समष्टि-आर्थिक स्थिति और मुद्रा बाजार दरों को रेपो दर के आसपास संचालित करने के लिए चलनिधि स्थिति के उतार-चढ़ाव के आकलन के आधार पर नीति (रेपो) दर निर्धारित करना है।

**मौद्रिक नीति समिति की संरचना?**

केंद्र सरकार ने सितंबर 2016 में संशोधित RBI अधिनियम, 1934 की धारा 45ZB के तहत, **छह सदस्यीय** मौद्रिक नीति समिति (MPC) का गठन किया है।

**मौद्रिक नीति समिति** की **संरचना** इस प्रकार की गई है:

1. भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर - अध्यक्ष, **शक्तिकांत दास**
2. भारतीय रिजर्व बैंक के उप-गवर्नर, मौद्रिक नीति के प्रभारी – सदस्य, **डॉ. माइकल देवव्रत पात्रा**
3. मौद्रिक नीति के प्रभारी बैंक के कार्यकारी निदेशक - **डॉ. जनक राज**
4. **चेतन घाटे, प्रोफेसर**, भारतीय सांख्यिकी संस्थान (ISI) - सदस्य
5. **प्रोफेसर पामी दुआ**, निदेशक, दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स - सदस्य
6. **डॉ. रवींद्र ढोलकिया,** प्रोफेसर, भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद – सदस्य

**मौद्रिक नीति की कुछ महत्वपूर्ण लिखत :**

RBI की मौद्रिक नीति में मौद्रिक नीति के कार्यान्वयन में कई प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लिखतों का उपयोग किया जाता है। मौद्रिक नीति के कुछ महत्वपूर्ण लिखत इस प्रकार हैं:

- **रेपो दर:** निर्धारित ब्याज दर जिस पर रिजर्व बैंक चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के तहत बैंकों को सरकार के संपार्श्विक के विरुद्ध और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों के विरुद्ध ओवरनाईट चलनिधि प्रदान करता है।
- **रिवर्स रेपो दर:** निर्धारित ब्याज दर जिस पर रिजर्व बैंक चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के तहत बैंकों से पात्र सरकारी प्रतिभूतियों के संपार्श्विक के विरुद्ध, ओवरनाइट आधार पर, चलनिधि को अवशोषित करता है।
- **चलनिधि समायोजन सुविधा (Liquidity Adjustment Facility):** एलएएफ में ओवरनाईट और साथ ही आवधि रेपो नीलामियां शामिल हैं। आवधि रेपो का उद्देश्य अंतर-बैंक आवधि मुद्रा बाजार को विकसित करने में मदद करना है, जो बदले में ऋण और जमा की कीमत के लिए बाजार आधारित बैंचमार्क निर्धारित कर सकते हैं,और इस कारण से मौद्रिक नीति के प्रसारण में सुधार किया जा सकता हैं। रिज़र्व बैंक बाजार स्थितियों के तहत आवश्यक होने पर, भी परिवर्तनीय ब्याज दर रिवर्स रेपो नीलामियों का संचालन करता है।
- **सीमांत स्थायी सुविधा (Marginal Standing Facility):** एक सुविधा जिसके तहत अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक रिज़र्व बैंक से ओवरनाईट मुद्रा की अतिरिक्त राशि को एक सीमा तक अपने सांविधिक चलनिधि अनुपात (एसएलआर) पोर्टफोलियो में गिरावट कर ब्याज की दंडात्मक दर ले सकते हैं। यह बैंकिंग प्रणाली को अप्रत्याशित चलनिधि झटकों के खिलाफ सुरक्षा वाल्व प्रदान करता है।

**भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति वक्तव्य का स्थिर रुख:**

विकास की गति धीमी होने पर अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए समग्र मुद्रा आपूर्ति का विस्तार करने के लिए आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति द्वारा समायोजनात्मक रुख अपनाया जाता है।



## कोरोनोवायरस के चलते अब टोक्यो ओलंपिक को 2021 तक के लिए किया गया स्थगित

- **अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति** और **टोक्यो ओलंपिक आयोजकों** ने जुलाई में होने वाले टोक्यो ओलंपिक खेलों को 2021 के लिए स्थगित करने की घोषणा की है। एक बयान में कहा गया कि पूरी दुनिया इस समय कोरोनोवायरस महामारी से लड़ने में जुटी हुई है और इसी को ध्यान में रखते हुए जापान के प्रधान मंत्री **शिंजो आबे** और अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के प्रमुख ने टोक्यो 2020 खेलों को एक वर्ष के लिए टालने के लिए सहमति जताई है।
- दूसरे विश्व युद्ध के बाद यह इतिहास में पहला मौका होगा जब ओलंपिक खेलों को एक साल के लिएआगे बढ़ाया गया है। कोरोनोवायरस महामारी के चलते अब 24 जुलाई को होने वाला उद्घाटन समारोह रदद किया गया, और 2021 के उद्घाटन समारोह की तारीख अभी निर्धारित नहीं की गई है। IOC के अध्यक्ष और जापान के प्रधान मंत्री ने फैसला किया है कि ओलंपिक खेलों में शामिल होने वाले हर एथलीटों और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए टोक्यो में होने वाले XXXII ओलंपियाड के खेलों को 2020 से अगले साल के लिए स्थगित किया गया है, लेकिन इन्हें 2021 की गर्मियों से पहले ही आयोजित किया जाएगा।

## रिलायंस ने मुंबई में खोला भारत का पहला COVID-19 समर्पित अस्पताल

**रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (RIL)** ने **मुंबई** में **COVID-19 के उपचार** के लिए भारत का पहला समर्पित कोविड-19 अस्पताल शुरू किया है। रिलायंस फाउंडेशन मुंबई में **बृहन्मुंबई नगर निगम** (बीएमसी) के साथ मिलकर इस अस्पताल को शुरू किया है। इस अस्पताल को रिलायंस फाउंडेशन द्वारा वित्त पोषित किया गया है, जिसमे COVID-19 की रोकथाम के लिए आइसोलेशन कक्ष शामिल है जो संपर्क-श्रृंखला को तोड़ने में मदद करेगा और संक्रमण को नियंत्रित करने में सहायक होगा।


**इस अस्पताल से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य:**

- इस अस्पताल के सभी बेड जरुरी सुविधा समेत बायो-मेडिकल उपकरण जैसे **वेंटिलेटर, पेसमेकर, डायलिसिस मशीन और रोगी निगरानी उपकरणों** से लैस है।
- फाउंडेशन ने चिन्हित देशों के यात्रियों और संदिग्ध मामलों में संक्रमित रोगियों को अलग रखने और उपचार के लिए अतिरिक्त सुविधाओं को जल्दी से बढ़ाने के लिए विशेष चिकित्सा सुविधाओं की स्थापना की पेशकश की है।
- इसके अलावा रिलायंस महाराष्ट्र के लोधीवली में सभी सुविधाओं से लैस सेंटर का भी निर्माण किया है.
- रिलायंस लाइफ साइंसेज प्रभावी टेस्टिंग के लिए अतिरिक्त टेस्ट किट्स और उपभोग्य सामग्रियों का आयात कर रही है। साथ ही डॉक्टर और शोधकर्ता भी इस घातक वायरस का इलाज खोजने के लिए लगातार काम कर रहे हैं।
- रिलायंस अधिकारियों की मदद करने के साथ-साथ वायरस के प्रभावी परीक्षण के लिए काम कर रहा है। साथ ही रिलायंस ने कोरोनोवायरस से निपटने के लिए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री राहत कोष में 5 करोड़ रुपये की सहायता भी घोषणा की है।
- कंपनी ने COVID-19 के खिलाफ एक्शन प्लान के तहत Reliance Foundation, reliance Retail, Jio, Reliance Life Sciences, Reliance Industries और Reliance परिवार के सभी 6 लाख सदस्यों की संयुक्त ताकत को लगाया हुआ है।
- कंपनी प्रतिदिन **100,000 फेस-मास्क** का उत्पादन करने के लिए अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ा रही है और राष्ट्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिए बड़ी संख्या में व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण हैं ताकि उन्हें कोरोनवायरस से लड़ने के लिए आगे बढ़ाया जा सके।
- कंपनी अपनी उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर प्रति दिन 100,000 फेस-मास्क और बड़ी संख्या में व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण का निर्माण कर रही है ताकि राष्ट्र के हेल्थ वर्कर्स को कोरोना वायरस की चुनौती से लड़ने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित किया जा सके।
- **RIL's Jio** is collaborating with **माइक्रोसॉफ्टTeams** to support social distancing and its groceries will remain open to provide essential items to people.
- रिलायंस फाउंडेशन ने मौजूदा संकट की स्थिति में आवश्यक आजीविका राहत की पेशकश करने के लिए गैर सरकारी संगठनों के साथ साझेदारी में विभिन्न शहरों में लोगों को **मुफ्त भोजन प्रदान** करने का भी वादा किया।
- रिलायंस की Jio ने माइक्रोसॉफ्टटीम्स के साथ मिलकर सोशल डिस्टेंस को सहयोग कर रहा है और पूरी कोशिश कर रहा है लोगों को जरुरी चीजें जैसे राशन, फल, दूध आदि प्रदान करने की जा सके।

## राष्ट्रीय समाचार

- भारत देश में हर साल **23 मार्च** को शहीद **भगत सिंह, सुखदेव थापर** और **शिवराम राजगुरु** को श्रद्धांजलि देने के लिए **"शहीद दिवस"** मनाया जाता है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में इस दिन को बहुत सम्मानपूर्वक और महत्वपूर्ण माना गया है।
- **केंद्रीय मंत्रिमंडल** ने बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण (**Large Scale Electronics Manufacturing**) के लिए **उत्पादन प्रोत्साहन योजना (Production Incentive Scheme)** को मंजूरी दी है। इसने इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर के माध्यम से विश्व स्तर के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए **संशोधित इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर योजना (EMC2.0) को वित्तीय सहायता को भी मंजूरी** दी है।
- **ब्रिटेन "आपदा प्रबंधन अवसंरचना पर अंतरराष्ट्रीय गठबंधन (Coalition for Disaster Resilient Infrastructure)"** के लिए सहयोग करने वाली गवर्निंग काउंसिल का पहला सह-अध्यक्ष होगा। आपदा प्रबंधन अवसंरचना पर अंतरराष्ट्रीय गठबंधन **(CDRI)** भारत के नेतृत्व में वैश्विक जलवायु पहल है जिसे प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्थापित किया गया था।
- **मेड इन इंडिया** के तहत COVID19 टेस्ट के लिए तैयार की गई **"Mylab PathoDetect COVID-19 Qualitative PCR kit"**, CDSCO द्वारा मंजूरी प्राप्त करने वाली देश की पहली टेस्ट किट बन गई है। मायलैब डिस्कवरी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड पुणे स्थित मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक्स कंपनी है जिसने COVID-19 के लिए भारत में पहला डायग्नोस्टिक परीक्षण किट तैयार किया है।

- भारत की सबसे बड़ी तेल कंपनी **इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड** ने पूरे देश में **BS-VI ईंधन** की आपूर्ति करना शुरू कर दिया है। इसके साथ ही इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड अपने **28,000 पेट्रोल पंपों पर BS-VI ईंधन की आपूर्ति शुरू करने वाली भारत की पहली कंपनी** बन गई है।
- **निर्वाचन आयोग** ने तेजी से फैल रहे **कोरोनावायरस महामारी** के बढ़ते खतरे को देखते हुए **राज्यसभा चुनाव** को टाल दिए है। राज्यसभा की 18 सीटों के लिए **26 मार्च 2020** को चुनाव होने वाले थे।
- **मद्रास** का **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान,** हाइपरलूप के बारे में जागरूकता बढ़ाने और प्रोत्साहित करने के लिए भारत की पहली **वैश्विक हाइपरलूप पॉड स्पर्धा का आयोजन 'भारतीय हाइपरलूप पॉड स्पर्धा'** के रूप में करेगा।
- केंद्रीय वित्त मंत्री **निर्मला सीतारमण** ने **आयकर रिटर्न (वित्त वर्ष 2018-19)** दाखिल करने की अंतिम तिथि **31 मार्च, 2020 से बढ़ाकर 30 जून, 2020** करने का ऐलान किया है आधार कार्ड और पैन को आपस में जोड़ने की अंतिम तिथि **31 मार्च, 2020** से बढ़ाकर **30 जून, 2020** कर दी गई है। आधार कार्ड और पैन को आपस में जोड़ने की अंतिम तिथि **31 मार्च, 2020** से बढ़ाकर **30 जून, 2020** कर दी गई है।
- **निर्वाचन आयोग** ने **कोविड-19** के फैलाव को देखते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों को **घर पर क्वारंटीन कर रहे लोगों की पहचान करने के लिए न मिटने वाली स्याही** का इस्तेमाल करने की इजाजत दे दी है। स्वास्थ्य मंत्रालय को इसके लिए लगाए जाने वाले चिन्ह के मानकीकरण करने और इसे शरीर पर किस स्थान पर लगाया जाना है इस बारे में विचार करना चाहिए ताकि चुनाव के समय इसकी वजह से किसी तरह की बाधा उत्पन्न न हो। साथ ही अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिया जाएगा कि इस स्याही का इस्तेमाल अन्य कार्यों के लिए न किया जाए।
- **आयुध निर्माणी बोर्ड (ओएफबी)** ने **कोरोनावायरस (COVID-19)** के मामलों को आइसोलेशन वार्डों में रखने के लिए **285 बेड** लगाए हैं।




- **सरकार** ने **COVID-19 के प्रकोप** के मद्देनजर **मलेरिया रोधी दवा हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्वाइन** और इससे बने फॉर्मूले के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया।
- **भारत की राष्ट्रीय निवेश संवर्धन और सुविधा एजेंसी (national Investment Promotion & Facilitation Agency)** ने **"द इन्वेस्ट इंडिया बिजनेस इम्युनिटी प्लेटफॉर्म"** लॉन्च किया है। इन्वेस्ट इंडिया बिजनेस इम्युनिटी प्लेटफ़ॉर्म **कारोबारियों और निवेशकों** को COVID-19 से निपटने के लिए भारत की ओर से की गई वास्तविक तैयारियों की ताजा जानकारी उपलब्ध कराने के लिए लॉन्च किया गया है।
- **विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST)** ने अनुसंधान और विकास प्रयोगशालाओं, शैक्षणिक संस्थानों, स्टार्ट-अप्स और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के पास उपलब्ध **COVID-19 से संबंधित प्रौद्योगिकियों के सर्वेक्षण** के लिए **COVID-19 टास्क फोर्स** का गठन किया है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग देश में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास में अहम भूमिका निभाता है।
- **केंद्रीय गृह मंत्रालय (MHA)** ने **जरुरी वस्तुओं** की आपूर्ति बनाए रखने के लिए **मानक परिचालन प्रक्रिया (SOPs)** जारी की है। गृह मंत्रालय द्वारा कोरोनवायरस को फैलने से रोकने के लिए लगाए गए **21 दिनों के राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन** के दौरान लोगों को होने वाली कठिनाइयों से राहत देने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की गई है।
- **भारतीय उद्योग परिसंघ (CII)** ने **Covid-19** से निपटने के लिए **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME)** के लिए **CII COVID पुनर्वास और राहत कोष (CRR)** की स्थापना की है। CII COVID पुनर्वास और राहत कोष (CRR) पुनर्वास छोटे उद्यमों या MSME की सहायता करेगा। राहत कोष की स्थापना से एमएसएमई क्षेत्र में कोरोनावायरस के प्रभाव को कम करने की उम्मीद है।
- भारत सरकार के प्रमुख फिटनेस कार्यक्रम **"फिट इंडिया"** ने बॉलीवुड अभिनेत्री और फिटनेस आइकन **शिल्पा शेट्टी कुंद्रा** के साथ हाथ मिलाया है। यह समझौता **कोविड -19 महामारी के कारण लगे 21-दिनों लॉकडाउन** के दौरान शिल्पा शेट्टी कुंद्रा के प्रीमियम कार्यक्रम **21-दिनों में वजन घटाने के कार्यक्रम (21-Day Weight Loss Programme)** की मुफ्त पहुंच प्रदान करेगा।
- **जन स्माल फाइनेंस बैंक** ने अपने ग्राहकों के लिए **भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (National Payment Corporation of India - NPCI)** के साथ मिलकर यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) **QR- आधारित** ऋण किस्त भुगतान सुविधा शुरू की है। यूपीआई क्यूआर आधारित ऋण किस्त भुगतान सुविधा जन स्माल फाइनेंस बैंक के ग्राहकों को अपने ऋण खाते के लिए यूपीआई क्यूआर कोड बनाने के साथ-साथ किसी भी यूपीआई एप्लिकेशन की मदद से तुरंत किस्त भुगतान करने में सक्षम बनाएगी।
- **गांधीनगर के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IITGN)** ने **COVID-19 लॉकडाउन** के दौरान छात्रों को रचनात्मक परियोजनाओं में व्यस्त रखने के लिए **'Project Isaac'** लॉन्च किया है। इस परियोजना का उद्देश्य घरों में बैठे छात्रों के कौशल को बढ़ाना है।

## राज्य समाचार

- **उत्तराखंड सरकार** ने **राज्य सरकार की नौकरियों में पदोन्नति के लिए मिलने वाले आरक्षण** को समाप्त करने का ऐलान किया है।
- **पंजाब सरकार** ने **बिना किसी छुट के पूरे राज्य में कर्फ्यू** लगा दिया है। पंजाब सरकार ने कोरोनोवायरस को फैलने से रोकने के लिए यह निर्णय लिया है। इस कदम के साथ ही, **पंजाब कर्फ्यू लगाने वाला भारत का पहला राज्य** बन गया है।
- **शिवराज सिंह चौहान** ने चौथी बार **मध्य प्रदेश** के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। राज्यपाल लालजी टंडन ने उन्हें भोपाल के राजभवन में पद की शपथ दिलाई।
- **गुजरात पुलिस** को अब नागरिकों का बचाव और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार के पुलिस आधुनिकीकरण अभियान के तहत **टेसर गन** से लैस किया गया है। इसी के साथ पुलिस को **टसर गन सौपने वाला गुजरात भारत का पहला राज्य** बन गया।
- आज दोनो तेलुगु राज्यों, **तेलंगाना और आंध्र प्रदेश** में तेलुगु नव वर्ष दिवस **'उगाड़ी'** मनाया जा रहा है। यह उत्सव हिंदू चंद्र कैलेंडर की शुरुआत यानि नववर्ष को चिह्नित करने के लिए मनाया जाता है।
- ओडिशा के मुख्यमंत्री **नवीन पटनायक** ने ओडिशा में **मो जीबन कार्यक्रम** का शुभारंभ किया। "मो जीबन" कार्यक्रम की शुरूआत COVID-19 महामारी की रोकथाम करने के लिए की गई है।
- भारत के सबसे स्वच्छ शहर होने का दर्जा प्राप्त कर चुके **इंदौर** ने **कोरोनवायरस वायरस** से निपटने के लिए शहर को सैनिटाइज करने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल शुरू किया हैं, जिसके बाद इंदौर शहर को **सैनिटाइजर करने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल करने वाला देश का पहला शहर** बन गया है।
- **ओडिशा सरकार** ने **Covid-19** के इलाज के लिए **देश के दो सबसे बड़े अस्पतालों** की स्थापना की योजना बनाई है, जिसमें प्रत्येक में **1,000 बेड** की क्षमता होगी और जिसे दो सप्ताहों के अन्दर चालू करने की योजना है। इसके साथ ही ओडिशा कोविड-19 रोगियों के इलाज के लिए इतने बड़े पैमाने पर अस्पताल स्थापित करने वाला **देश का पहला राज्य बन जाएगा**।
- **जयपुर के सवाई मान सिंह (SMS) सरकारी अस्पताल** में **COVID-19 संक्रामित** रोगियों को सेवा प्रदान करने के लिए **ह्यूमनॉइड रोबोट** का परीक्षण किया जा रहा है। यह रोबोट बैटरी संचालित होगा, जिसकी लाइफ 4-5 वर्ष है। **ह्यूमनॉइड रोबोट, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (artificial intelligence) और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT)** का इस्तेमाल करके बिना निर्देशों के अपने कार्यों को पूरा करने के लिए करता है।
- **गोवा,** COVID-19 के लिए एक स्व-मूल्यांकन उपकरण (self-assessment tool) लॉन्च करने वाला पहला भारतीय राज्य बन गया है। स्व-मूल्यांकन टूल, जिसे **टेस्ट योरसेल्फ गोवा** कहा जाता है। यह उपकरण लोगों को यह बिना डॉक्टर या अस्पताल आए पहचानने में मदद करता है कि क्या वे वायरस से संक्रमित हैं? गोवा सरकार ने अमेरिका की हेल्थकेयर डेटा एनालिटिक्स कंपनी इनोवैसर **(Innovaccer)** के साथ साझेदारी की है, जिसने सेल्फ-असेसमेंट प्लेटफॉर्म विकसित किया है।

## अंतरराष्ट्रीय समाचार

- दुनिया की सबसे बड़ी स्ट्रीमिंग मीडिया सर्विस, **Netflix Inc (NFLX.O)** ने 100 मिलियन $ का फंड तैयार करने की घोषणा की है। यह फंड फिल्म और टेलीविजन प्रोडक्शन पर काम करने वाले उन लोगों की मदद करने के लिए किया गया है, जो कि **वैश्विक कोरोनवायरस वायरस के प्रकोप** के कारण प्रभावित हुए हैं।
- **कनाडा टोक्यो 2020 ओलंपिक** का **बहिष्कार** करने वाला **दुनिया का पहला देश** बन गया है। कोरोनावायरस महामारी को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। कनाडाई ओलंपिक समिति द्वारा कहा गया कि टोक्यो 2020 ओलंपिक में हिस्सा लेने से उसके एथलीटों के स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है।
- भारतीय स्टार फुटबॉलर **सुनील छेत्री** को फीफा के **Covid-19** के खिलाफ चलाए जाने वाले अभियान के लिए चुना गया। **फीफा और विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)** ने कोरोनोवायरस से निपटने के लिए विश्व-प्रसिद्ध फुटबॉलरों के नेतृत्व वाला एक नया जागरूकता अभियान शुरू किया है।
- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने निगरानी रखने के लिए **"Tracker of Policies Governments are Taking in Response to COVID-19" लॉन्च** किया है। इस ट्रैकर के जरिए IMF **COVID-19 महामारी** को रोकने के लिए विभिन्न देशों की सरकार द्वारा की जा रही प्रमुख आर्थिक प्रतिक्रियाओं की प्रगति देखेगा। इस पॉलिसी ट्रैकर में 24 मार्च, 2020 तक का नवीनतम डेटा है।
- अमेरिकी अंतरिक्ष बल ने अपनी सेना संचार का विस्तार करने के लिए **Advanced Extremely High-Frequency satellite (अत्यधिक उन्नत हाई फ्रीक्वेंसी उपग्रह - AEHF-6)** लॉन्च किया है। इस उपग्रह के प्रक्षेपण के साथ ही संयुक्त राज्य अमेरिका ने अपना पहला **राष्ट्रीय सुरक्षा मिशन आरंभ** कर दिया है।
- संयुक्त राष्ट्र महासचिव **एंटोनियो गुटेरेस** ने दक्षिण अमेरिका, अफ्रीका, मध्य पूर्व और एशिया के **51 देशों में COVID-19** से लड़ने के लिए **2 बिलियन डॉलर की वैश्विक मानवीय प्रतिक्रिया योजना** (**global humanitarian response plan)** लॉन्च की है।

## पुस्तकें एवं लेखक

- वरिष्ठ पत्रकार और लेखक **तवलीन सिंह** द्वारा लिखी गई **'Messiah Modi: A Great Tale of Expectations'** पुस्तक जारी की गई है।
- पुरस्कार विजेता व्यवसायी **सविता छाबड़ा** ने अपने पहले उपन्यास **'Legacy of Learning'** का विमोचन किया। सविता छाबड़ा **हाइजेनिक रिसर्च इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड (HRIPL)** की चेयरपर्सन हैं।
- वरिष्ठ पत्रकार **चंदर सुता डोगरा** ने **"Missing in Action: The Prisoners Who Never Came Back"** नामक एक पुस्तक लॉन्च की है। इसे **हार्परकोलिन** द्वारा प्रकाशित किया गया है। ये वर्तमान में आउटलुक में एक वरिष्ठ पत्रकार के रूप में कार्यरत हैं, और जो द हिंदू और इंडियन एक्सप्रेस जैसे बड़े मीडिया में काम कर चुकी है। यह पुस्तक **1965 और 1971 के भारत-पाक युद्धों** के मिशन के दौरान लापता भारतीय सैनिकों से संबोधित होती है और जिसमे यह भी पता लगाने का प्रयास किया जाता है कि उनके साथ क्या हुआ, जिसके बाद इस बात पर बहस शुरू होने के आसार है कि सैनिकों को अक्सर सरकारों द्वारा मोहरे के रूप में कैसे इस्तेमाल किया जाता है।

## बैंकिंग / अर्थव्यवस्था / व्यापार समाचार

- **भारतीय स्टेट बैंक** ने एक अतिरिक्त तरलता सुविधा (additional liquidity facility)**"कोविड -19 इमरजेंसी क्रेडिट लाइन (CECL)"** शुरू की है। मौजूदा संकट की स्थिति से निपटने के लिए भारत के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक द्वारा अपने उधारकर्ताओं के लिए किसी भी प्रकार की लिक्विडिटी में परेशानी न आने के लिए यह सुविधा शुरू की गई है।
- **करूर वैश्य बैंक** ने अपने कैश छोड़ो अभियान के तहत तमिलनाडु के करूर में भारत का पहला प्री-पेड कार्ड **Enkasu (एन्कासु) (तमिल में मेरा कैश)** लॉन्च किया है। नियर फील्ड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी (एनएफसी) पर काम करने वाले इस कार्ड को खरीदने वाले ग्राहक छोटी से छोटी खरीदारी के लिए व्यापारियों को 1 रुपये की राशि का भी टैप एंड गो' (कार्ड टेप के) के जरिए भुगतान कर सकते हैं, और आने वाली छुट्टे पैसों की समस्या से निजात पा सकेंगे।
- बचत खातों में **न्यूनतम शेष राशि** नियमित नहीं रखने और **अन्य बैंक एटीएम से नकद निकासी** पर लगने वाले चार्ज समाप्त कर दिया गया है। इसकी घोषणा वित्त मंत्री **निर्मला सीतारमण** द्वारा की गई। यह घोषणा **कोरोनावायरस के फैलने से बचने के लिए** ग्राहक के बैंक की शाखाओं में आवाजाही को रोकने लिए किया गया है। ये नियम सभी बैंकों पर लागू होंगे।
- **लघु उद्योग विकास बैंक ऑफ इंडिया (SIDBI)** ने अपने मिशन स्वावलंबन के तहत नवोदित उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए 05 जून, 2020 को एक विशेष ट्रेन **'स्वावलंबन एक्सप्रेस'** शुरू करने का निर्णय लिया है। यह एक इंटर-कनेक्टेड लघु उद्यम पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करेगा, जिसमें व्यावसायिक आकांक्षी, संरक्षक, विशेषज्ञ और अनुभवी (business aspirants, mentors, experts and experience) सभी शामिल होंगे।
- निजी क्षेत्र की गैर-जीवन बीमा कंपनी **ICICI लोम्बार्ड** ने एक साल तक **"COVID-19 को कवर"** प्रदान करने वाली पालिसी लॉन्च की है। इस पालिसी के अंतर्गत COVID-19 से संक्रमित पाए जाने वाले व्यक्ति को बीमा राशि का 100% भुगतान किया जाएगा। इस प्लान में चैट के जरिए हेल्थ असिस्टेंस और वर्चुअल असिस्टेंस, एमबुलेंस असिस्टेंस और टेलिकंसल्टेशन का लाभ प्रदान किया जाना शामिल है।
- CRISIL ने साल **2021 के लिए भारत** के **सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ** को अपने **पहले पूर्वानुमान 5.2 प्रतिशत से घटाकर 3.5 प्रतिशत** कर दिया है।
- विश्व में अर्थव्यवस्थाओं पर रेटिंग जारी करने वाली **मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस** ने **2020 में भारत की जीडीपी ग्रोथ** को अपने **पहले पूर्वानुमान 5.3 प्रतिशत से घटाकर 2.5 प्रतिशत** कर दिया है। ये कटौती कोरोनावायरस महामारी के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था में आई गिरावट के कारण की गई है।
- अर्थव्यवस्थाओं पर रेटिंग जारी करने **फिच रेटिंग** ने वित्त वर्ष **2020-21** में **भारत की जीडीपी वृद्धि दर** को घटाकर **5.1%** कर दिया है। इससे पहले फिच रेटिंग्स ने भारत के विकास दर अनुमान को **5.6%** आंका था।
- **भारतीय रिज़र्व बैंक ने COVID-19** के कारण अव्यवस्थाओं होने वाली किसी भी घर्षणात्मक तरलता की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक पूर्वक्रीत उपाय के रूप में, रिज़र्व बैंक ने दो चरणों में **₹1,00,000 करोड़** के लिए सही ताल-मेल वाली **परिवर्ती दर रेपो नीलामी** का आयोजन करने का निर्णय लिया है।

## नियुक्तियां

- **समीर अग्रवाल** को भारत में वॉलमार्ट का **मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ)** नियुक्त किया गया है। वह 1 अप्रैल 2020 से **कृष अय्यर** के स्थान पर सीईओ के रूप में कार्यभार ग्रहण करेंगे।
- **मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति** ने दो भारतीय राजस्व सेवा (IRS) के अधिकारियों **कृष्ण मोहन प्रसाद** और **सतीश कुमार गुप्ता** को केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड**(CBDT)** बोर्ड के सदस्यों के रूप में नियुक्त करने की मंजूरी दी।

## रक्षा समाचार

- सेना प्रमुख जनरल **मनोज मुकुंद नरवाणे** ने सरकार द्वारा **कोरोनोवायरस** को फैलने से रोकने के लिए किए जा रहे प्रयासों में सहयोग करने और सुरक्षा बलों को इस महामारी से बचाने के लिए **'ऑपरेशन नमस्ते'** शुरू किया है।
- अबू धाबी में अमेरिकी मरीन और संयुक्त अरब अमीरात बलों के बीच द्विवार्षिक किया जाने वाला अभ्यास **Native Fury (नेटिव फेरी)** शुरू किया गया है। **नेटिव फेरी** नामक ये द्विवार्षिक अभ्यास, अमेरिकी और संयुक्त अरब अमीरात बलों के बीच घनिष्ठ संबंध को दर्शाता है।

## पुरस्कार एवं सम्मान

- **नॉर्वेजियन एकेडमी ऑफ साइंस एंड लेटर्स** द्वारा दो गणितज्ञों इजरायल की हिब्रू यूनिवर्सिटी ऑफ येरुशलम के **हिलेल फुरस्टेनबर्ग** और अमेरिका की येल यूनिवर्सिटी के **ग्रेगरी मारगुलिस** को **एबेल पुरस्कार 2020** से सम्मानित किया गया है। ये दोनों इस पुरस्कार के तहत दी जाने वाली **नॉर्वेजियन क्रोन 7.5 मिलियन (करीब 8.3400 US डॉलर)** की राशि साझा करेंगे।



- समीक्षकों द्वारा पसंद की गई डेब्यू उपन्यासकार **रुचिका तोमर** को उनके पहले उपन्यास **"A Prayer for Travelers"** के लिए साल 2020 के **PEN / हेमिंग्वे अवार्ड का** विजेता घोषित किया गया हैं।
- भारतीय फिल्म निर्माता जोया अख्तर को उनके द्वारा सिनेमा के जरिए विश्व पर्यटन में दिए उत्कृष्ट योगदान के लिए **IIFTC टूरिज्म इम्पैक्ट अवार्ड 2020** से सम्मानित किया गया है। एशिया का सबसे बड़ा फिल्म पर्यटन कार्यक्रम, **आठवाँ भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म पर्यटन सम्मेलन (IIFTC) महाराष्ट्र के मुंबई** में आयोजित किया गया था।

## बैठक एवं सम्मेलन

- सऊदी अरब के सुलतान **सलमान बिन अब्दुलअज़ीज़ अल सऊद** एक्स्ट्राऑर्डिनेरी वर्चुअल जी 20 लीडर्स समिट की अध्यक्षता करेंगे। इस G20 शिखर सम्मेलन में प्रधान मंत्री **नरेंद्र मोदी** सहित **दुनिया भर के नेता** हिस्सा लेंगे। ये शिखर सम्मेलन **कोरोनोवायरस महामारी से निपटने की रणनीतियों** पर विचार-विमर्श करने के लिए आयोजित किया जा रहा।

## महत्वपूर्ण दिन

- दुनिया भर में हर साल **22 मार्च** को **विश्व जल दिवस** मनाया जाता है। इस वर्ष के विश्व जल दिवस की थीम: **"Water and Climate Change" (जल और जलवायु परिवर्तन) है.**
- हर साल **23 मार्च** को विश्व स्तर पर **विश्व मौसम विज्ञान** दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष **विश्व जल दिवस** और **विश्व मौसम विज्ञान दिवस** एक ही विषय पर मनाया जाना हैं: **"Water and Climate Change" (जल और जलवायु परिवर्तन)**।
- हर साल **24 मार्च** को विश्व स्तर पर **विश्व क्षय रोग (टीबी) दिवस** मनाया जाता है। विश्व टीबी दिवस 2020 का विषय: **'It's time'** है।
- प्रतिवर्ष **24 मार्च** को दुनिया भर में सत्य के संबंध में स्थूल मानव अधिकारों का उल्लंघन और पीड़ितों की गरिमा का अंतर्राष्ट्रीय दिवस यानि **Right to the Truth Concerning Gross Human Rights Violations and for the Dignity of Victims** मनाया जाता है।
- हर साल **25 मार्च** को **International Day of Remembrance of the Victims of Slavery and the Transatlantic Slave Trade** अर्थात् **गुलामी का शिकार लोगों और खरीदे या बेचे गए गुलामों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस** मनाया जाता है। **वर्ष 2020 की थीम है: "Confronting Slavery's Legacy of Racism Together".**
- **संयुक्त राष्ट्र** द्वारा प्रत्येक वर्ष **25 मार्च** को **International Day of Solidarity with Detained and Missing Staff Members यानि हिरासत में रखे गए एवं लापता सदस्यों के लिए एकजुटता का अंतर्राष्ट्रीय दिवस** मनाया जाता है।
- हर साल **27 मार्च** को विश्व स्तर पर **World Theatre Day 2020** यानि **विश्व रंगमंच दिवस** मनाया जाता है। विश्व रंगमंच दिवस का पहला संदेश **जीन कोक्क्यू** द्वारा 1962 में लिखा गया था।

## निधन

- **तमिल फिल्म उद्योग** में विशु नाम से प्रख्यात निर्देशक **मीनाक्षीसुंदरम रामासामी विश्वनाथ** का निधन। वह एक अभिनेता, निर्देशक और लेखक थे, जिन्होंने टेलीविजन पर कई लाइव-डिबेट को होस्ट किया था।
- अमेरिका के सिंगर **केनी रोजर्स** जिन्हें दुनिया भर में जो उनकी "द गैम्बलर", "लेडी", "ल्यूसिल" और "द आइलैंड इन द स्ट्रीम" जैसी हिट फिल्मों के लिए जाना जाता था, हाल ही में उनका निधन हो गया। अपने छह दशक लंबे करियर में उन्हें तीन **ग्रैमी पुरस्कार** से सम्मानित किया गया था।
- महान भारतीय फुटबॉलर पीके बनर्जी का निधन हो गया है। उन्होंने 36 आधिकारिक मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया और उनमें से छह में कैप्टेन्स आर्मबैंड के लिए खेले , साथ ही उनहोंने देश के लिए 19 गोल किए।
- हिंदी फिल्म जगत की 1950 और 60 के दशक की मशहूर अभिनेत्री **निम्मी** का निधन। उनका मूल नाम **नवाब बानो** था, जो बाद में फिल्मों में 'निम्मी' नाम से लोकप्रिय हुई थी।
- पूर्व भारतीय फुटबॉलर **अब्दुल लतीफ** का निधन। वह **1970 के बैंकाक एशियाई खेलों में ट्रॉफी** जीतने वाली टीम के प्रमुख सदस्य थे। उन्होंने **1968 में एशिया कप क्वालीफायर में म्यांमार** में और **1969 में कुआलालंपुर में मर्डेका कप** में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया है।
- **"Asterix और Obelix"** कॉमिक्स के सह-निर्माता **अल्बर्ट उडेरो** का निधन। अल्बर्ट उडेरजो ने साल 1959 में फ्रांस के अपने साथी और लेखक रेने गोसनी के साथ मिलकर एस्टेरिक्स का निर्माण किया।
- वयोवृद्ध फोटोग्राफर और पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित **नेमाई घोष** का निधन।
- भारतीय मूल के अंतर्राष्ट्रीय शेफ **फ्लॉयड कार्डोज़** का 59 वर्ष की आयु में कोरोनावायरस के कारण निधन हो गया। कार्डोज़ **18 मार्च को यूएसए में हुए कोविड -19** के टेस्ट में पॉजिटिवपाया गया था, जिसके बाद से उनका इलाज न्यू जर्सी के माउंटेनसाइड मेडिकल सेंटर में किया जा रहा था।
- देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान यानि **पद्म विभूषण से 1999 में** सम्मानित प्रसिद्ध वास्तुकार, मूर्तिकार और लेखक **सतीश गुजराल** का निधन।
- ब्रह्मकुमारी संस्थान की प्रमुख **राजयोगिनी दादी जानकी** का निधन। भारत सरकार ने उन्हें स्वच्छता बनाए रखने के क्षेत्र में उनके कार्यों के लिए **स्वच्छ भारत अभियान** का **ब्रांड एंबेसडर** बनाया था।

## विविध समाचार

- बॉलीवुड की स्टार अभिनेत्री **प्रियंका चोपड़ा** अब महामारी **COVID -19** के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए **विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)** के साथ मिलकर काम करेंगी।
- पर्वतारोही **सत्यरूप सिद्धान्त** का नाम **लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स (LBR)** में 7 महाद्वीपों के सबसे ऊचे ज्वालामुखी पर चढ़ने वाले पहले भारतीय के रूप में शामिल किया गया है।

- गूगल के स्वामित्व वाले वीडियो स्ट्रीमिंग दिग्गज प्लेटफार्म **"YouTube"** ने **31 मार्च 2020** तक भारत के उपयोगकर्ताओं के लिए स्ट्रीमिंग क्वालिटी कम करने का फैसला किया है। **कोरोनावायरस महामारी के दौरान इंटरनेट नेटवर्क पर बढ़ने वाले ट्रैफिक को कम करने** के लिए YouTube ने अस्थायी रूप से हाई डेफिनेशन (एचडी) और अल्ट्रा हाई डेफिनेशन के कंटेंट (उपलब्ध वीडियों एवं सामग्री) को स्टैण्डर्ड डेफिनेशन (एसडी) पर डिफ़ॉल्ट कर दिया है। इस बदलाव से मोबाइल नेटवर्क पर 480p से अधिक बिट्रेट्स की सामग्री ही स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी।
- **नेशनल बुक ट्रस्ट** ने देश में लोगों को घर पर रहने के दौरान किताबें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए **#StayHomeIndiaWithBooks पहल** का शुभारंभ किया है।
- नई दिल्ली के **अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान** ने **गैर-कोविड-19 रोगियों** के लिए **टेली-परामर्श** की सुविधा की शुरूआत करने का फैसला लिया है। टेली-परामर्श सुविधा शुरू करने का निर्णय एम्स द्वारा अपने नियमित रोगियों के लिए लिया गया है। यह पहल Covid-19 को फैलने से रोकने के लिए एक निवारक उपाय के रूप में शुरू किया गया है।
- अमेरिका के **रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (Centers for Disease Control and Prevention)** ने **COVID-19** के संभावित लक्षणों की जाँच करने में लोगों की मदद करने के लिए **'Clara'** नाम का एक नया एआई बॉट शुरू किया है।
- अमेरिका की **एबॉट लेबोरेटरीज** ने कोरोनोवायरस की जाँच करने के लिए एक नई टेस्ट किट तैयार की है, जिससे केवल 5 मिनटों के अन्दर पता लगाया जा सकता है कि व्यक्ति संक्रमित है या नहीं।
- **नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (NTPC)** ने दो जल विद्युत उत्पादक फर्मों, टिहरी हाइड्रो पावर कॉम्प्लेक्स (THDC) इंडिया और नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पॉवर कॉरपोरेशन (NEEPCO) में **11,500 करोड़ रुपये** में केंद्र की पूरी हिस्सेदारी का अधिग्रहण कर लिया है।

## महत्वपूर्ण तथ्य

- ब्रिटेन के प्रधान मंत्री: बोरिस जॉनसन.
- ब्रिटेन की राजधानी: लंदन।
- ब्रिटेन की मुद्रा: यूके पाउंड.
- इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष: संजीव सिंह.
- मुख्य चुनाव आयुक्त: सुनील अरोड़ा.
- राज्यसभा के सभापति: एम. वेंकैया नायडू.
- महानिदेशक और आयुध कारखानों के अध्यक्ष: हरि मोहन.
- आयुध निर्माणी बोर्ड का मुख्यालय: कोलकाता, पश्चिम बंगाल.
- ICMR के महानिदेशक: बलराम भार्गव.
- आईसीएमआर का मुख्यालय: नई दिल्ली.
- इन्वेस्ट इंडिया के एमडी और सीईओ: दीपक बागला.
- केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री: पीयूष गोयल।
- सिडबी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक: मोहम्मद मुस्तफा.
- वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय में राज्य मंत्री: अनुराग सिंह ठाकुर.
- उत्तराखंड के मुख्यमंत्री: त्रिवेंद्र सिंह रावत.
- उत्तराखंड के राज्यपाल: बेबी रानी मौर्य.
- जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क भारत का सबसे पुराना राष्ट्रीय उद्यान है और 1936 में लुप्तप्राय बंगाल बाघ की रक्षा के लिए हैली नेशनल पार्क के रूप में स्थापित किया गया था। यह उत्तराखंड के नैनीताल जिले में स्थित है.
- पंजाब के मुख्यमंत्री: कैप्टन अमरिंदर सिंह.
- पंजाब के राज्यपाल: वीपी सिंह बदनोर.
- मध्य प्रदेश के राज्यपाल: लाल जी टंडन.
- बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान मध्य भारतीय राज्य मध्य प्रदेश में है। यह बायोडायवर्सिटी पार्क शाही बंगाल के बाघों की बड़ी आबादी के लिए जाना जाता है.
- गुजरात के मुख्यमंत्री: विजय रूपानी; गुजरात के राज्यपाल: आचार्य देव व्रत.
- गिर वन राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभयारण्य गुजरात में तलला गिर के पास वन और वन्यजीव अभयारण्य है.
- सरदार सरोवर बांध, नवगाम, गुजरात के पास नर्मदा नदी पर बना एक गुरुत्वाकर्षण बांध है.
- आंध्र प्रदेश के राज्यपाल: बिस्वभूषण हरिचंदन.
- आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री: वाई एस जगनमोहन रेड्डी.
- आंध्र प्रदेश की राजधानी: अमरावती.
- तेलंगाना की राजधानी: हैदराबाद.
- तेलंगाना के राज्यपाल: तमिलिसाई सौंदर्यराजन.
- तेलंगाना के मुख्यमंत्री: के. चंद्रशेखर राव.
- ओडिशा के मुख्यमंत्री: नवीन पटनायक; राज्यपाल: गणेशी लाल.
- नेटफ्लिक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी: रीड हेस्टिंग्स.
- जापान के प्रधान मंत्री: शिंजो आबे; जापान की राजधानी: टोक्यो.
- जापान की मुद्रा: जापानी येन.
- फीफा के अध्यक्ष: गियान्नी इन्फेंटिनो; स्थापित: 21 मई 1904
- मुख्यालय: ज्यूरिख, स्विट्जरलैंड.
- आईएमएफ के प्रबंध निदेशक: क्रिस्टालिना जॉर्जीवा.
- एसबीआई के अध्यक्ष: रजनीश कुमार; मुख्यालय: मुंबई; स्थापित: 1 जुलाई 1955.
- करूर वैश्य बैंक का मुख्यालय: करूर, तमिलनाडु.
- करूर वैश्य बैंक के एमडी और सीईओ: पी. आर. शेषाद्री.
- करूर वैश्य बैंक की टैगलाइन: स्मार्ट वे टू बैंक.
- वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय में राज्य मंत्री: अनुराग सिंह ठाकुर.
- RBI के 25 वें गवर्नर: शक्तिकांत दास; मुख्यालय: मुंबई; स्थापित: 1 अप्रैल 1935, कोलकाता.
- आईसीआईसीआई लोम्बार्ड का मुख्यालय: मुंबई.
- आईसीआईसीआई लोम्बार्ड के एमडी और सीईओ: भार्गव दासगुप्ता।
- SIDBI का मुख्यालय: लखनऊ, उत्तर प्रदेश.
- SIDBI के अध्यक्ष और एमडी: मोहम्मद मुस्तफा.
- UAE के राष्ट्रपति: शेख खलीफा बिन जायद अल नाहयान.
- यूएई की राजधानी: अबू धाबी; मुद्रा: संयुक्त अरब अमीरात दिरहम.
- नॉर्वे की राजधानी: ओस्लो.
- नॉर्वे के प्रधान मंत्री: एर्ना सोलबर्ग.

- नॉर्वे की मुद्रा: नार्वेजियन क्रोन.
- G20 समूह के सदस्य: अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, कोरिया, तुर्की, संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू).
- अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष: थॉमस बाच.
- अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति का मुख्यालय: लॉज़ेन, स्विट्जरलैंड.
- अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति की स्थापना: 23 जून 1894.
- विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) एक अंतर सरकारी संगठन है जिसका मुख्यालय जिनेवा, स्विट्जरलैंड में है.
- टीबी एक ऐसी बीमारी है जो मनुष्यों में आमतौर पर माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस (एम। ट्यूबरकुलोसिस) नामक बैक्टीरिया के कारण होती है.
- Tedros Adhanom Ghebreyesus WHO के महानिदेशक हैं.
- जिनेवा, स्विट्जरलैंड में डब्ल्यूएचओ मुख्यालय.
- संयुक्त राष्ट्र के महासचिव: एंटोनियो गुटेरेस.
- संयुक्त राष्ट्र (यूएन) अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए 24 अक्टूबर 1945 को स्थापित देशों के बीच एक संगठन है.
- रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संस्थापक: धीरूभाई हीराचंद अंबानी.
- रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ): मुकेश धीरूभाई अंबानी.
- रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का मुख्यालय: मुंबई, महाराष्ट्र.
- यूट्यूब के सीईओ: सुसान वोज्स्की.
- नेशनल बुक ट्रस्ट के अध्यक्ष: गोविंद प्रसाद शर्मा; स्थापित: 1957.
- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली के निदेशक: डॉ. रणदीप गुलेरिया.
- माइक्रोसॉफ्टके मुख्य कार्यकारी अधिकारी: सत्य नडेला.
- माइक्रोसॉफ्ट स्थापित: 4 अप्रैल, 1975; माइक्रोसॉफ्टका मुख्यालय: वाशिंगटन, संयुक्त राज्य अमेरिका.
- केंद्रीय गृह राज्य मंत्री: अमित शाह.
- ट्रम्प प्रशासन ने दिसंबर 2019 में अमेरिकी अंतरिक्ष बल को एक अलग सैन्य शाखा के रूप में स्थापित किया था.
- जनरल जॉन "जे" रेमंड अंतरिक्ष अभियान के पहले प्रमुख हैं.
- भारतीय उद्योग परिसंघ के अध्यक्ष: विक्रम एस। किर्लोस्कर.
- केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री: किरेन रिजिजू.
- जन SFF के प्रबंध निदेशक और सीईओ: अजय कंवल.
- नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के एमडी और सीईओ: दिलीप अस्बे.
- आईआईटी-गांधीनगर के निदेशक: प्रो सुधीर जैन.
- आईआईटी-गांधीनगर की स्थापना: 2008.
- मूडीज कॉर्पोरेशन एक अमेरिकी व्यापार और वित्तीय सेवा कंपनी है.
- मूडीज का मुख्यालय न्यूयॉर्क, अमेरिका में है.
- 28 वें सेनाध्यक्ष: जनरल मनोज मुकुंद नरवाने.
- भारतीय सेना का आदर्श वाक्य: “Service Before Self”.
- भारतीय सेना का मुख्यालय: नई दिल्ली.
- राजस्थान के सीएम: अशोक गहलोत
- राजस्थान की राजधानी: जयपुर.
- राजस्थान के राज्यपाल: कलराज मिश्र.
- 1948 से 24 अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है.
- संयुक्त राष्ट्र का मुख्यालय न्यूयॉर्क शहर, संयुक्त राज्य अमेरिका में है.
- क्रिसिल के सीईओ: आशु सुयश.
- क्रिसिल मुख्य अर्थशास्त्री: धर्मकीर्ति जोशी.
- क्रिसिल का मुख्यालय: मुंबई.
- एबॉट प्रयोगशालाओं का मुख्यालय: शिकागो, इलिनोइस, संयुक्त राज्य.
- एबॉट लेबोरेटरीज के सीईओ: माइल्स डी. व्हाइट.
- एनटीपीसी का मुख्यालय: नई दिल्ली.
- एनटीपीसी के अध्यक्ष और एमडी: गुरदीप सिंह.
- सीबीडीटी के अध्यक्ष: प्रमोद चंद्र मोदी.
- गोवा की राजधानी: पणजी.
- गोवा के मुख्यमंत्री: प्रमोद सावंत.
- गोवा के राज्यपाल: सत्य पाल मलिक.

